Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a medical college at Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): शिक्षा देश के विकास और प्रगति की रीढ़ है और चिकित्सा का अध्ययन ऐसे बेहतर तरीकों में एक है । हाल में ही नीति आयोग ने औरंगाबाद में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की सिफारिश की है । औरंगाबाद वामपंथी उग्रवाद प्रभावित और आकांक्षात्मक जिला है । एनएच-2 एवं एनएच-98 पर स्थित औरंगाबाद बिहार के रोहतास, अरवल, गया और झारखण्ड के पलामू, चतरा जिलों से जुड़ा है । औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज खुलने से एक बड़ी आबादी को लाभ होगा । देश और विशेष रूप से बिहार में मेडिकल कॉलेज की संख्या बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है, प्रतिवर्ष हजारों छात्र मेडिकल की पढ़ाई हेतु दूसरे राज्यों में जाते हैं । यह मेडिकल कॉलेज बिहार और झारखण्ड के युवाओं के लिए उपयोगी होगा । उक्त मेडिकल कॉलेज के लिए उपयुक्त भूखंड की कमी के कारण मैंने अपनी खुद की 20 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया है । केन्द्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि मेरी प्रस्तावित जमीन पर केन्द्रीय बजट से कॉलेज निर्माण कराए ।